I/82835/2023

**दिनांक.05.10.2023 (गुरूवार) को निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलो के कार्य प्रगति की जूम के माध्यम से की गई साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**दिनांक 05.10.2023 (गुरूवार) को निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा सहायक निदेशक, भू-अभिलेख एवं परिमाप एवं जिलों के नोडल पदाधिकारी के साथ विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के साथ जिलो के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।**

**समीक्षोपरान्त प्राप्त प्रतिवेदन एवं निदेश निम्नवत् है-**

1. **बैठक में सर्वप्रथम जिलावार 2500 खेसरो से कम खेसरो वाले ग्रामों में वर्तमान प्रगति एवं सितम्बर प्रथम सप्ताह तथा अक्टूबर प्रथम सप्ताह के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य की समीक्षा की गई। जिलावार प्रक्रमवार स्थिति निम्नवत पाई गई-**

| 2500 खेसरा तक राजस्व ग्रामों की जिलावार प्रगति | | | | | | | | | | | | | | | 05-10-2023 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. NO. | District | Mauza | प्रारूप प्रकाशन | | खानापुरी | | प्रपत्र 6 इंट्री | | एल०पी०एम० लंबित | एल०पी०एम० वितरण के पश्चात् सुनवाई वाले राजस्व ग्राम | | विश्राति के लिए लंबित राजस्व ग्राम | | Map Updation के लिए लंबित राजस्व ग्राम | |
| | | | सितम्बर प्रथम सप्ताह | अक्टूबर द्वितीय सप्ताह | सितम्बर प्रथम सप्ताह | अक्टूबर द्वितीय सप्ताह | सितम्बर प्रथम सप्ताह | अक्टूबर द्वितीय सप्ताह | अक्टूबर द्वितीय सप्ताह | सितम्बर प्रथम सप्ताह | अक्टूबर द्वितीय सप्ताह | सितम्बर प्रथम सप्ताह | अक्टूबर द्वितीय सप्ताह | सितम्बर प्रथम सप्ताह | अक्टूबर द्वितीय सप्ताह |
| | | | 1 | 2 | 4 | 5 | 7 | 8 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | ARARIA | 79 | 61 | 68 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 15 | 7 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 2 | ARWAL | 166 | 40 | 51 | 0 | 0 | 24 | 12 | 9 | 87 | 54 | 0 | 5 | 10 | 35 |
| 3 | BANKA | 169 | 108 | 113 | 0 | 0 | 9 | 1 | 1 | 41 | 47 | 9 | 4 | 0 | 3 |
| 4 | BEGUSARAI | 299 | 202 | 223 | 21 | 12 | 6 | 11 | 7 | 24 | 18 | 0 | 8 | 19 | 5 |
| 5 | JAMUI | 69 | 34 | 39 | 2 | 0 | 1 | 2 | 1 | 23 | 16 | 2 | 11 | 0 | 0 |
| 6 | JEHANABAD | 159 | 72 | 82 | 0 | 0 | 12 | 5 | 12 | 63 | 42 | 0 | 0 | 0 | 18 |
| 7 | KATIHAR | 116 | 72 | 78 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 35 | 29 | 5 | 3 | 0 | 6 |
| 8 | KHAGARIA | 78 | 26 | 29 | 1 | 1 | 9 | 5 | 5 | 38 | 36 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| 9 | KISHANGANJ | 284 | 62 | 64 | 75 | 74 | 72 | 68 | 21 | 55 | 54 | 3 | 2 | 0 | 1 |
| 10 | LAKHISARAI | 243 | 113 | 123 | 8 | 4 | 32 | 19 | 22 | 53 | 25 | 11 | 22 | 3 | 27 |
| 11 | MADHEPURA | 61 | 43 | 43 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 | 15 | 10 | 0 | 4 | 0 | 1 |
| 12 | MUNGER | 264 | 180 | 183 | 1 | 1 | 7 | 5 | 7 | 56 | 49 | 0 | 0 | 1 | 19 |
| 13 | NALANDA | 211 | 159 | 183 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 28 | 6 | 11 | 8 | 9 | 10 |
| 14 | PURNIA | 53 | 42 | 44 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 15 | SAHARSA | 42 | 21 | 24 | 3 | 0 | 4 | 6 | 1 | 12 | 7 | 0 | 3 | 0 | 1 |
| 16 | SHEIKHPURA | 160 | 160 | 160 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | SHEOHAR | 29 | 24 | 29 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | SITAMARHI | 90 | 41 | 43 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 46 | 39 | 0 | 3 | 3 | 5 |
| 19 | SUPAUL | 76 | 76 | 76 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | W. CHAMPARAN | 153 | 109 | 120 | 1 | 0 | 7 | 5 | 10 | 25 | 15 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| Total:- | | 2801 | 1645 | 1775 | 112 | 92 | 189 | 142 | 97 | 623 | 461 | 45 | 75 | 52 | 138 |

1. जिलावार 2500 से 5000 तक खेसरो से कम खेसरो वाले ग्रामों में वर्तमान प्रगति कार्य की समीक्षा की गई। जिलावार प्रक्रमवार स्थिति निम्नवत पाई गई-

| 2500 से 5000 खेसरा तक विशेष सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति | | | | | | | | | | | | दिनांक. 14.09.2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | खानापुरी | | | प्रक्रियाधीन ग्रामों की संख्याप्रपत्र . 6 इन्ट्री | एल0 पी0 एम0 | | सुनवाई | | अभ्युक्ति |
| | | | | वैसे राजस्व ग्राम जहां खानापुरी शुरू नहीं हुआ | खानापुरी कार्य चल रहा है। | है।खानापुरी पूर्ण परंतु प्रपत्र 6 इन्ट्री शुरू नहीं हुआ | | एल0 पी0 एम0 लंबित | एल0 पी0 एम0 वितरित | राजस्व ग्राम जहाँ सुनवाई चल रही है। | सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | |
| 1 | अररिया | 32 | 0 | 0 | 12 | 0 | 12 | 4 | 0 | 2 | 0 | नक्शा लंबित 02 राजस्व ग्राम |
| 2 | अरवल | 71 | 0 | 0 | 30 | 0 | 31 | 5 | 5 | 0 | 0 | |
| 3 | बांका | 57 | 4 | 1 | 28 | 3 | 7 | 1 | 0 | 12 | 1 | |
| 4 | बेगूसराय | 66 | 0 | 13 | 35 | 2 | 3 | 9 | 3 | 3 | 0 | |
| 5 | जमुई | 30 | 0 | 0 | 11 | 2 | 7 | 5 | 0 | 5 | 0 | |
| 6 | जहानाबाद | 56 | 0 | 0 | 16 | 2 | 25 | 8 | 0 | 5 | 0 | |
| 7 | कटिहार | 34 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 29 | 0 | 0 | 0 | |
| 8 | खगडिया | 46 | 0 | 1 | 23 | 0 | 17 | 1 | 4 | 4 | 0 | |
| 9 | किशनगंज | 96 | 0 | 63 | 27 | 6 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 10 | लखीसराय | 86 | 0 | 14 | 51 | 0 | 19 | 2 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | मधेपुरा | 15 | 0 | 0 | 5 | 3 | 8 | 1 | 0 | 1 | 0 | |
| 12 | मुंगेर | 33 | 1 | 0 | 1 | 2 | 14 | 6 | 0 | 9 | 0 | |
| 13 | नालंदा | 102 | 14 | 2 | 39 | 0 | 18 | 3 | 26 | 10 | 16 | 02 राजस्व ग्राम सी0 एस0 मानचित्र अनुपलब्ध |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | पूर्णियाँ | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 15 | सहरसा | 44 | 0 | 8 | 15 | 1 | 8 | 1 | 0 | 10 | 1 | |
| 16 | शेखपुरा | 64 | 64 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 17 | शिवहर | 29 | 0 | 0 | 8 | 0 | 6 | 1 | 0 | 9 | 1 | |
| 18 | सीतामढी | 106 | 0 | 39 | 14 | 10 | 28 | 8 | 0 | 7 | 0 | |
| 19 | सुपौल | 64 | 17 | 13 | 6 | 2 | 6 | 3 | 0 | 14 | 3 | |
| 20 | प० चम्पारण | 63 | 1 | 7 | 17 | 9 | 17 | 7 | 5 | 0 | 0 | |
| | कुल | 1100 | 101 | 161 | 338 | 42 | 239 | 94 | 43 | 91 | 22 | |

समीक्षात्मक बैठक में विगत एक सप्ताह में हुई जिलास्तरीय प्रगति पर असंतोषजनक व्यक्त करते हुए निदेशित किया गया कि प्रक्रमवार किए जा रहे कार्यों विशेषतः खानापुरी एवं सुनवाई प्रक्रम में कार्यों के निष्पादन में तेजी लाये जाने की आवश्यकता है। जिलास्तरीय प्रगति के आलोक में प्राप्त प्रतिवेदन और समीक्षोपरान्त दिए गए निदेश निम्नवत् है-

(i) अररिया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तकनीकी समस्याओं के कारण L.P.M या खानापुरी पर्चा डाउनलोड होने की प्रक्रिया बाधित है। आई०टी० सेल को अविलम्ब समस्या का समाधान करने का निदेश दिया गया। जिन ग्रामों में सुनवाई की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब हो रहा है, उनकी अलग से समीक्षा करने का निदेश बन्दोबस्त पदाधिकारी को दिया गया।

(ii) अरवल की समीक्षा में पाया गया कि 54 राजस्व ग्रामों में सुनवाई चल रही है एवं जुलाई माह से कुछ ग्रामों में प्रारंभ प्रपत्र-6 की इन्ट्री का कार्य अभी तक समाप्त नहीं हुआ है, साथ ही समीक्षा में पाया गया कि प्रतिदिन 30–40 इन्ट्री से ज्यादा नहीं की जा रही है। अपर समाहर्ता सह बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल को अपने स्तर से सघन समीक्षा कर सुनवाई के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं प्रपत्र-6 की इन्ट्री प्रतिदिन कम से कम 70–75 करने का निदेश दिया गया।

(iii) बांका के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन 47 राजस्व ग्रामों में सुनवाई चल रही है, उनमें 14 ग्रामों में सुनवाई पूर्ण कर तरमीम की प्रक्रिया प्रगति पर है एवं आगामी सप्ताह में 11 राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित कर दिया जाएगा। निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों में सुनवाई पूर्ण हो गई है, उन्हें प्रतिवेदन में आगामी प्रक्रम में प्रदर्शित किया जाए।

(iv) बेगूसराय की समीक्षा में बताया गया कि प्रतिवेदन के अनुसार जिन 12 ग्रामों में खानापुरी का कार्य प्रगति पर है, उनमें 11 में प्रपत्र.6 की इन्ट्री का कार्य किया जा रहा है। समीक्षा में पाया गया कि 2500 से 5000 वाले खेसरे वाले 35 ग्रामों में खानापुरी का कार्य प्रगति पर है एवं 13 राजस्व ग्रामों में खानापुरी प्रारंभ भी नहीं की गई है।

निदेशित किया गया कि सभी जिलों से यह प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया जाए कि सितम्बर माह में निदेशालय के पत्रांक-5966 दिनांक-25.07..2023 के अनुपालन में कुल कितने कर्मियों के मानदेय की कुल कितनी राशि की कटौती की गई है। साथ ही जिन राजस्व

ग्रामों में दावा, आपत्तियों की संख्या बहुत कम या बहुत अधिक है, उनकी शिविरस्तरीय समीक्षा बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अलग से की जाए।

(v) जमुई की समीक्षा में पाया गया कि 16 ग्रामों में सुनवाई की प्रक्रिया प्रगति पर है एवं कुछ ग्रामों दावा, आपत्तियों की संख्या आनुपातिक रूप से बहुत कम है। निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों में दावा, आपत्ति की संख्या 10 से कम है, वहाँ अविलम्ब सुनवाई पूर्ण कर अगले प्रक्रम का कार्य प्रारंभ किया जाए एवं डाटा इन्ट्री के कार्य में तेजी लाई जाए।

(vi) जहानाबाद की समीक्षा में पाया गया कि समीक्षात्मक बैठकों में दिए जा रहे निरन्तर निदेशों के बावजूद साप्ताहिक प्रगति संतोषजनक नहीं है और 2500 खेसरों से कम 159 राजस्व ग्रामों में से मात्र 82 का प्रारूप प्रकाशन अक्टूबर, 2023 के द्वितीय सप्ताह तक किया गया है, जो किशनगंज के बाद पूरे राज्य में आनुपातिक रूप से सबसे कम है। साथ ही समीक्षा में यह भी पाया गया कि जहानाबाद में एक दिन 40 से ज्यादा प्रपत्र.6 की प्रविष्टि नहीं की जा रही है। निदेशित किया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारी, जहानाबाद से वर्त्तमान सप्ताह में हुई धीमी प्रगति एवं लक्ष्य के अनुसार प्रगति नहीं करने के लिए पुनः स्पष्टीकरण किया जाए।

(vii) कटिहार एवं खगड़िया की समीक्षा में प्रतिवेदित किया गया कि खगड़िया में L.P.M जेनरेट नहीं हो पा रहा है। समीक्षा में पाया गया कि कटिहार में 29 तथा खगड़िया में 36 ग्रामों में सुनवाई का कार्य चल रहा है। निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों के L.P.M जेनरेट होने में समस्या आ रही है, वहाँ खानापुरी पर्चा निकालकर रैयतों के मध्य वितरित कर दिया जाए, साथ ही सुनवाई के कार्य का सतत् अनुश्रवण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक शिविर में सुनवाई का कार्य प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक निश्चित रूप से हो।

(viii) किशनगंज की समीक्षा में साप्ताहिक प्रगति को असंतोषजनक पाया गया। समीक्षा में पाया गया कि किशनगंज में 74 ग्रामों में खानापुरी, 68 ग्रामों में प्रपत्र.6 की प्रविष्टि एवं 54 ग्रामों में सुनवाई का कार्य किया जा रहा है। किशनगंज के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा बताया गया कि कार्य में लापरवाही के आरोप में 30 संविदा कर्मियों के वेतन में कटौती की गई है। निदेशित किया गया कि पूर्व में किशनगंज के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के विरूद्ध कार्रवाई सम्बन्धी अद्यतन स्थिति को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से ज्ञात कर वर्त्तमान में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा सतत् अनुश्रवण नहीं किए जाने के कारण किशनगंज जिले में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की प्रगति बाधित होने के सम्बन्ध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को अवगत कराया जाए। साथ ही यह प्रतिवेदन भी उपस्थापित किया जाए कि किशनगंज से कितने विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

(ix) लखीसराय के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा लम्बित 22 L.P.M के बारे में बताया गया कि तकनीकी कारणों से L.P.M जेनरेट नहीं हो पा रहा है एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के पास 27 मानचित्र अपडेशन के लिए लम्बित है। एजेंसी द्वारा स्पष्ट किया गया कि 27 मानचित्रों में से 15 मानचित्र मात्र एक दिन पूर्व प्राप्त हुए हैं। निदेशित किया गया कि L.P.M जेनरेट नहीं होने की स्थिति में अविलंब खानापुरी पर्चा वितरित कर कार्य में प्रगति लाई जाए।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC को निदेशित किया गया कि अगले 3–4 दिन के अन्दर अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

(x) मधेपुरा, मुंगेर एवं नालंदा की समीक्षा में मधेपुरा द्वारा बताया गया कि सुनवाई वाले 10 ग्रामों में से 3 में प्रपत्र-6 की इन्ट्री की जा रही है, जबकि नालंदा द्वारा बताया गया कि सभी सुनवाई प्रक्रम में पूर्व लम्बित सभी 06 ग्रामों में सुनवाई पूर्ण कर ली गई है। मुंगेर द्वारा बताया गया कि सुनवाई वाले 49 ग्रामों में 16 में सुनवाई पूर्ण कर ली गई है। निदेशित किया गया कि सुनवाई के कार्य को जल्द.से.जल्द समाप्त किया जाए एवं दावा. आपत्ति एवं आदेशों के भू.सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर पर अपलोड किये जाने की नियमित समीक्षा की जाती है।

(xi) पूर्णिया, सहरसा, शिवहर तथा शेखपुरा, सुपौल की समीक्षा में पाया गया कि शेखपुरा, सुपौल एवं शिवहर द्वारा 2500 खेसरों तक वाले सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। पूर्णिया तथा सहरसा में 7–7 राजस्व ग्राम सुनवाई प्रक्रम में लंबित है। पूर्णिया द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि 3 राजस्व ग्रामों में सुनवाई पूर्ण हो गई है, जबकि सहरसा द्वारा बताया गया कि कानूनगो द्वारा एक साथ कई ग्रामों में सुनवाई का कार्य किये जाने के कारण कार्य में विलंब हो रहा है। निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र 2500 खेसरों तक वाले सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित करना सुनिश्चित किया जाए।

(xii) सीतामढ़ी के समीक्षा में पाया गया कि 39 ग्रामों में सुनवाई की प्रक्रिया प्रगति पर है। यह भी पाया गया कि सीतामढ़ी की सुनवाई की प्रक्रिया में अन्य जिलों की तुलना में दावा॰आपत्ति की संख्या आनुपातिक रूप से अधिक है। सीतामढ़ी के नोडल पदाधिकारी, श्री राजेश कुमार सिंह को निदेशित किया गया कि सीतामढ़ी के विभिन्न शिविरों में प्राप्त दावा॰आपत्ति एवं आदेश की समीक्षा सॉफ्टवेयर के माध्यम से करते हुए उनकी गुणवत्ता से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाय।

निदेशालय के अन्य सभी नोडल पदाधिकारियों को भी निदेशित किया गया कि सुनवाई से संबंधित दावा/आपत्ति एवं आदेशों की नियमित समीक्षा की जाय एवं सहायक निदेशक-सह-वरीय प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाय।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

**Signed by Jai Singh**
**Date: 13-10-2023 10:13:27**
निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

1. प्रतिलिपि: समाहर्त्ता.सह.बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज/बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया/अरवल/बांका/बेगूसराय/जमुई/जहानाबाद/कटिहार/खगड़िया/लखीसराय/मधेपुरा/मुंगेर/नालंदा/पूर्णिया/सहरसा/शेखपुरा/शिवहर/सीतामढ़ी/सुपौल/प० चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रतिलिपि : भूमि सुधार उप समाहर्त्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), किशनगंज/अररिया/अरवल/बांका/बेगूसराय/जमुई/जहानाबाद/कटिहार/खगड़िया/लखीसराय/मधेपुरा/मुंगेर/नालंदा/पूर्णिया/सहरसा/शेखपुरा/शिवहर/सीतामढ़ी/सुपौल/प० चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. प्रतिलिपि: हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd. (Indo Enviro Integrated Solution Limited (IL&FS)), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. प्रतिलिपि: प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/स्थापना सहायक/क्षेत्रीय स्थापना सहायक/प्रभारी, आई० टी० सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. प्रतिलिपि: सुश्री सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
6. प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
7. प्रतिलिपि: माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।